इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान

(दिल्ली विश्वविद्यालय), बी-ब्लॉक, विकासपुरी, नई दिल्ली - 110018

ईमेल: principal@igipess.du.ac.in | वेबसाइट: www.igipess.du.ac.in

संदर्भ सं.: आई०पी०ई०/2026/ 19/684

दिनांक: 13.11.2026

सूचना / NOTICE

प्रवेश पत्र (Admit Card) सत्यापन एवं वितरण के संबंध में
(नवंबर/दिसंबर 2026 सेमेस्टर परीक्षा हेतु)

संस्थान के समस्त पाठ्यक्रमों — बी.एससी. (शारीरिक शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा एवं खेल) [B.Sc. (PE, HE & S)] के सेमेस्टर I, III, V एवं VII, बी.पी.एड. (B.P.Ed.) के सेमेस्टर I एवं III तथा एम.पी.एड. (M.P.Ed.) के सेमेस्टर I. III .(नियमित एवं भूतपूर्व छात्र / Ex-Students) के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि आगामी नवंबर/दिसंबर 2026 की विश्वविद्यालय परीक्षाओं हेतु **प्रवेश पत्र (Admit Card)** के सत्यापन एवं वितरण की प्रक्रिया निम्नानुसार निर्धारित की गई है:

1.) प्रवेश पत्र जमा करने की तिथि एवं समय (16.11.2026 से 20.11.2026 तक | प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक): सभी विद्यार्थी अपने प्रवेश पत्र (Admit Card) की स्पष्ट प्रति प्रिंट कराकर दिनांक 16 नवंबर 2026 से 20 नवंबर 2026 तक (प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक) अनिवार्य रूप से छात्र व्यवहार अनुभाग (Student Dealing Section) में सत्यापन (Verification) हेतु जमा कराएं।

2.) सत्यापित प्रवेश पत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय (23.11.2026 से 27.11.2026 तक | प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक): विधिवत सत्यापन के पश्चात सभी विद्यार्थी दिनांक 23 नवंबर 2026 से 27 नवंबर 2026 तक (प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक) छात्र व्यवहार अनुभाग (Student Dealing Section) से अपना सत्यापित प्रवेश पत्र प्राप्त कर लें।

विशेष निर्देश:

1.) निर्धारित अंतिम तिथि (27.11.2026, सायं 04:00 बजे) के पश्चात किसी भी विद्यार्थी को प्रवेश पत्र प्रदान नहीं किया जाएगा। अतः सभी विद्यार्थी इस बात का विशेष ध्यान रखें और निर्धारित समयावधि में ही छात्र व्यवहार अनुभाग से अपना प्रवेश पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें। अंतिम तिथि के उपरांत किसी भी प्रकार के विलंब के लिए विद्यार्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

2.) सत्यापित प्रवेश पत्र (Admit Card) प्राप्त करने के पश्चात यदि किसी विद्यार्थी का प्रवेश पत्र खो जाता है, तो उसे पुनः जारी (Re-issue) कराने हेतु सर्वप्रथम लेखा अनुभाग (Accounts Branch) में ₹100/- का विलंब/पुनः निर्गमन शुल्क जमा कर उसकी रसीद के साथ छात्र व्यवहार अनुभाग (Student Dealing Section) में लिखित आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके उपरांत ही द्वितीय प्रति (Duplicate Admit Card) जारी की जाएगी।

प्रो. संध्या तिवारी
प्राचार्य (प्रभारी)

प्रतिलिपि:

1. छात्र सूचना बोर्ड
2. अनुभाग अधिकारी [प्रशासन (कार्यवाहक)]
3. अनुभाग अधिकारी [लेखा (कार्यवाहक)]
4. छात्र व्यवहार अनुभाग
5. कार्यालय फाइल
6. कंप्यूटर सेंटर (संस्थान की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु)
7. गार्ड फाइल